# आपदा प्रभावितों को राहत राशि प्रदान करने के लिए शिमला में शीघ्र होगा कार्यक्रमः ठाकुर

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आपदा के मद्देनज? प्रभावितों को राहत प्रदान करने के लिए 4500 करोड़ रुपये के विशेष राहत पैकेज की घोषणा की है, जिसके तहत शीघ्र ही जिला शिमला में कार्यक्रम आयोजित कर प्रभावित लोगों को राहत राशि प्रदान की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने यह विचार आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मेलठी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गत दिनों आई आपदा से कृषि और बागवानी को काफ ी



नुकसान हुआ था, जिसकी भरपाई के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार ने आपदा राहत मैन्युअल में संशोधन कर राहत राशि को कई गुना बढ़ाया है ताकि प्रभावित लोगों को राहत प्रदान हो सके।
उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी कृषि व बागवानी पर निर्भर है। वर्षों से राहत मैन्युअल में कृषि और बागवानी क्षेत्र में जो बढ़ोतरी नहीं हुई थी वह मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कीए जिसके तहत पूर्व में फसल के नुकसान पर मात्र 350 रुपये प्रति बीघा मिलते थेए जो अब 2 हजार रुपये प्रति बीघा किया गया है तथा मलबे से खेत को हुए नुकसान के लिए भी 5 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जमीन को स्थाई नुकसान होने पर पूर्व में 700 रुपये की राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 10 हजार रुपये प्रति बीघा कर दी गई है।
उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा में पालतू गाय की मृत्यु होने पर 35 हजार रुपये की राशि दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर 55 हजार रुपये किया गया है। उन्होंने कहा कि विकास एक निरन्तर प्रक्रिया हैए जो समय के साथ बदलती रहती है। उन्होंने कहा कि सडकें किसी भी क्षेत्र की भाग्य रेखाएं होती हैं। उन्होंने कहा कि गरोखर से नाल सडक बहुत पुरानी सडक है, जिसकी अपनी महत्वता है, जिसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस सडक को विधायक प्राथमिकता में डलवाने के लिए मुख्य संसदीय सचिव एवं विधायक मोहन लाल बराकटा से अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि गरोखर से बलासन सडक के विस्तारीकरण के लिए भी हर संभव प्रयास किए जाएंगे।
मेलठी स्कूल के लिए की घोषणाएं शिक्षा मंत्री ने स्कूल के भवन की मरम्मत और रख-रखाव के लिए 7 लाख रुपये तथा इंटरलॉकिंग टाइल्स और फेंसिंग के लिए पहली किस्त के तौर पर 5-5 लाख रुपये देने की घोषणा की।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत कुल्लू के चारों मंडलों में हुए कार्यक्रम

**संकल्प यात्रा**

**8 आज पलचान और शनाग पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
मनाली विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आज पलचान और शनाग पंचायत में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोनों पंचायत के कार्यक्रमों में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहे ।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा हुआ है। आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवें नबर पर है ।प्रधान मंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों से हर वर्ग लाभांवित हो रहा है ।उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं व नीतियों से अवगत करवाया जा रहा है ।उन्होंने बताया की प्रधान मंत्री ने कहा है कि आप अपने अपने क्षेत्र में इस यात्रा के आगे आगे चल कर इस यात्रा का नेतृत्व करें।
इस लिए जिस जिस क्षेत्र में यह यात्रा जा रही है कार्यकर्ता इस यात्रा का नेतृत्व करें। उन्होंने अवसर पर केन्द्र सरकार की जन कल्याण योजनाओं का भी विस्तार से वर्णन किया। मनाली मंडल के

## शिमला में जल्द शुरू होगा आइस स्केटिंग का रोमांच

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
राजधानी शिमला स्थित ऐतिहासिक स्केटिंग रिंक में आइस स्केटिंग के शौकीनों को और इंतजार नहीं करना पड़ेगा। विंटर सीजन में हर साल 10 दिसंबर के आसपास स्केटिंग शुरू हो जाती थी हालांकि खराब मौसम के चलते इस बार स्केटिंग में थोड़ा विलंब हुआ है। आइस स्केटिंग क्लब प्रशासन की ओर से कहा गया कि मौसम का साथ रहा तो एक से दो दिनों में आइस स्केटिंग रिंक में ट्रायल शुरू हो जाएंगे। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के सचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि हर साल 10 दिसंबर के आसपास शिमला के ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में ट्रायल्स शुरू हो जाते थे।

# सरस्वती पैराडाइज में कक्षा बारहवीं के लिए विदाई समारोह का आयोजन

**विदाई**

**8 सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं (सत्र 2023-24) को भावभीनी विदाई दी गई!**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
राजधानी स्थित सरस्वती पैराडाइज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं (10वां बैच-सत्र 2023-24) को भावभीनी विदाई दी गई! इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य मनदीप राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका कुमारी भानुप्रिया ने किया। इसके अलावा शिक्षकों में से आशीष




चौहान, राकेश ठाकुर, नूपराम वर्मा, प्रवीण शर्मा, नेकराम वर्मा, संदीप शर्मा, रीना शांडिल सभागार में उपस्थित रहे। दरअसल इस साल बारहवीं का बोर्ड परीक्षा देने के बाद करीबन 70 से अधिक छात्र इस स्कूल को अलविदा कह देंगे। फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्रों ने अपने हर विषय अध्यापक को भी याद किया। प्रत्येक छात्र को सरस्वती पैराडाइज में बिताए गए समय को चिह्नित करते हुए एक स्मृति चिन्ह और प्यार का प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। सह-गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा बारहवीं से अंतर सदन क्रिकेट मैच के लिए पृथ्वीराज चौहान, एवीसए पियूष गौतम, आरुष ताजटा, स्पर्श कांटाय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए रोनित भंडारी, सूजल वर्मा, पियूष सिंगटा, आर्यन डोटका, राघव घेडटा, कुश गौतम और शौर्य मेहता य अंग्रेजी और हिंदी वाद -विवाद प्रतियोगिता के लिए आकाश, करण चौहान और ध्रूव वर्मा य सॉफ्ट बोर्ड डेकोरेशन के लिए जोयल, अमित, आशी सिंह, आंचल और श्रुति को पुरस्कृत किया गया।
विशेष रूप से सम्मानित विद्यार्थियों में अमित जांगड़ा (कलात्मक कौशल के लिए), ध्रुव वर्मा, आकाश भारद्वाज, सानवी नंदना, करन चौहान, विनायक शर्मा, शौर्य मेहता, स्पर्श कांटा और आदर्श कल्याणी रहे। इसके अतिरिक्त नीलांश चौहान, कशिश श्याम, वंशिका डोगरा, शैलेश विजलवान, तुषार नेगी, महक सिंगटा त्रिशला मेहता, सीरत वर्मा, रिदम चौहान, कनिष्क लोकटस, तुषार कैंथला, तीर्थराज, आकृति ठाकुर, अर्चित वर्मा, अंजली राजटा, प्रिंस दिग्विज, आंचल, आदित्य ठाकुर, तमन्ना वर्मा, श्रुति शर्मा, अनुष्का डोगर, अयाची, हर्षल ठाकुर, आतिश चौहान, आदित्य ठाकुर और भव्य राज कौशल को सम्मानित किया गया। छात्र प्रमुख आकाश भारद्वाज और ध्रुव, आशी, सानवी नंदना, कर्ण, आदित्य और शौर्य ने विद्यार्थी जीवन की मधुर स्मृतियों और अनुभवों को साँझा करते हुए विद्यालय प्रबंधक, प्रधानाचार्य और शिक्षकों का आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रियलमी ने अपनी चैंपियन सीरीज में पहला 5जी स्मार्टफोन रियलमी सी-67 5जी लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज के पहले 5जी स्मार्टफोन रियलमी सी67 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी सी67 5जी में 5जी कनेक्टिविटी के साथ शानदार कैमरा,फास्ट चार्जिंग,शक्तिशाली बैटरी,आकर्षक डिजाईन, बेहतरीन 5जी चिपसेट और मल्टीटास्किंग एवं बड़ी स्टोरेज क्षमता के लिए विशाल रैम है जिसके कारण यह 5जी चार्जिंग चैंपियन है ।रियलमी सी67,5जी का उद्देश्य युवाओं को बेहतरीन मूल्य में उत्पाद का शानदार अनुभव प्रदान करना है ।सी67 5जी में 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा है जिसके द्वारा यूजर्स बेहतरीन फोटोग्राफी कर अपनी रचनात्मकता दिखा सकते हैं ।यूजर्स सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी में ये पिक्चर देख सकें इसके लिए सी67 5जी में एफएचडी.डिस्प्ले के साथ 120 हट्र्ज का अल्ट्रा स्मूथ डिस्प्ले और 91.4 प्रतिशत का स्क्रीन.टू.बॉडी अनुपात दिया गया है जो बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाईन किया गया है। इसमें एक बेहतर विजन डिजाईन में मिनी कैप्सूल 2.0 भी दिया गया है ।इस स्मार्टफोन में फास्ट चार्जिंग के लिए 33 वॉट का सुपरवूक चार्जिंग समाधान है। इसके साथ इसमें 5000 एमएएच की बैटरी लगाई गई है जो केवल 29 मिनट में 1 से 50 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है।
रियलमी सी67 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6100प्लस 5जी चिपसेट है जो स्मूथ ऑपरेटिंग अनुभव के साथ शक्तिशाली परफॉर्मेंस भी प्रदान करता है ।इस स्मार्टफोन में 6जीबी तक का डायनामिक रैम विकल्प दिया गया है जो 6जीबी तक की रैम और 128जीबी स्टोरेज के साथ मिलकर यूजर्स को सुगम और प्रभावशाली मल्टीटास्किंग का अनुभव प्रदान करता है और आप अनेक ऐप्स एक साथ चलाकर सुगमता से उनके बीच स्विच कर सकते हैं। रियलमी सी67 5जी में 7.89 मिमी की अल्ट्रा.स्लिम बॉडी है जो इसे आरामदायक ग्रिप प्रदान करती है।
रियलमी सी67 5जी दो खूबसूरत रंगों सनी ओसिस और डार्क पर्पल में उपलब्ध है और दो स्टोरेज विकल्पों में 13999 रु. में 4जीबी.प्लस 128जीबी और 14999 रु.6जीबी.प्लस 128जीबी में आता है।
रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम 5जी का अनुभव पूरे जनसमूह तक पहुँचाना चाहते हैं। हमारी चैंपियन सी सीरीज का पहला 5जी स्मार्टफोन नया रियलमी सी67 5जी हमारी इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रियलमी सी67 5जी के साथ हम सीमाओं को फिर से परिभाषित कर रहे हैं और इनोवेशन के नए मानक स्थापित करते हुए युवा ग्राहकों को एक बेहतरीन 5जी डिवाईस प्रदान कर रहे हैं जो लेटेस्ट टेक्नॉलॉजी के साथ.साथ कीमतों को किफायती रखने की हमारी प्रतिबद्धता को बनाए रखती है ।इनोवेशन की सीमाओं का विस्तार करते हुए हम अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान करने और भारत में 5जी को विशाल जनसमूह तक पहुँचाने के अपने मिशन के प्रति अटल हैं ।रियलमी यूजर्स को किफायती मूल्य में अत्याधुनिक टेक्नॉलॉजी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रियलमी सी सीरीज भारत में 30 मिलियन से ज्यादा ग्राहकों के साथ इसका एक प्रमाण है।

### नेस्ले इंडिया ने प्रोजेक्ट हिलदारी के पाँच साल पूरे होने का जश्न मनाया

**शिमला**
प्रोजेक्ट हिलदारी नेस्ले इंडिया की पहल है और इसे प्लान फाउंडेशन और स्त्री मुक्ति संगठन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। रेसिटी इंडिया प्रा.लि.इसका टेक्निकल पार्टनर है। पिछले पाँच वर्षों में प्रोजेक्ट हिलदारी ने भारत के चुनिंदा पर्यटन शहरों में कचरे के प्रबंधन हेतु समावेशी एवं ठोस मॉडल विकसित करने में सफलता हासिल की है। यह प्रोजेक्टं अभी पोंडा,मसूरी,महाबलेश्वर,मुन्नार,डलहौजी,दार्जिलिंग और पालमपुर में चल रहा है ।नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने कहा पांच साल पहले हमने प्रोजेक्ट हिलदारी के साथ एक महत्वापूर्ण यात्रा शुरू की थी। हमने संयुक्त कार्यवाही के माध्यम से और कचरे के प्रबंधन हेतु स्थायी मॉडलों को अपनाकर सकारात्मक बदलाव किया ।कई हितधारकों के सहयोग से हम 7 पर्यटन गंतव्यों में इस प्रोजेक्ट का सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं और यह प्रोजेक्ट लगातार ताकतवर होता गया है। हमारे सपने को हकीकत में बदलने के लिये मैं हमारे सभी पार्टनर्स को बधाई देता हूँ ।स्त्री मुक्ति संगठन की प्रेसिडेंट सुश्री ज्यो?ति म्हाप्सेकर ने कहा हमारी टीम के लिये प्रोजेक्ट हिलदारी के पिछले पाँच साल बेहद संतोषजनक रहे।

## एडीबी प्रोजेक्ट के तहत ऑल वेदर आइस स्केटिंग रिंक बनाया जाएगा एशिया का सबसे पुराना स्केटिंग रिंक शिमला



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शमा**
ऐतिहासिक आइस स्केटिंग रिंक में शुक्रवार को ट्रायल नहीं हो पाया। सुबह के समय बादल छाने की वजह से रिंक में बर्फ की परत नहीं जम पाई। इस कारण आइस स्केटिंग क्लब प्रबंधन ट्रायल प्रक्रिया अमल में नहीं ला पाया। अब आगामी दिनों में मौसम साफ होने पर ट्रायल किया जाएगा। ऐसे में क्लब प्रयास करेगा कि 2 से 4 दिनों में बर्फ की परत जमाकर आइस स्केटिंग सत्र शुरू करेगा। शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए आइस स्केटिंग क्लब के सचिव मनप्रीत सिंह सेंबी ने कहा कि शुक्रवार को सुबह ट्रायल की योजना थीए लेकिन बादल छाने के कारण बर्फ की परत नहीं जमी।ओपन एयर आर्टिफि शल आइस स्केटिंग रिंक होने के चलते अभी भी प्राकृतिक रूप से बर्फ रिंक में जमाई जाती है, लेकिन अब प्रयास किए जा रहे हैं कि रिंक को ऑल वैदर आइस स्केटिंग रिंक बनाया जा सके। इसके लिए एडीबी फंडिड प्रोजैक्ट के तहत इस रिंक को जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए डीपीआर तैयार हो गई है और अब टैंडर प्रक्रिया शुरू हुई। जल्द यह प्रक्रिया पूरी होगी। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि अगले वर्ष के मध्य में रिंक को ऑल वैदर आइस स्केटिंग रिंक बनाने का कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया कि रिंक को ऑल वैदर आइस स्केटिंग रिंक बनाने के लिए कार्य को जल्द शुरू करे ताकि प्रदेश के प्रतिभावान स्केटर्स और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को यहां साल के 12 महीने आइस स्केटिंग का मौका मिले। 45 करोड़ की लागत से इस प्रोजैक्ट पर कार्य होगा। इसमें यहां अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानकों के आधार पर रिंक का विस्तार किया जाएगा। इसके अलावा यहां पर रैफ्रि जरेशन प्लांट स्थापित करने के अलावा अन्य सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। पत्रकार वार्ता के दौरान संगठन सचिव रजत मल्होत्रा, रमनीक गोयल, सदस्य पंकज प्रभाकर, अभय डोगरा, जय देव शर्मा, सुदीप महाजन व चेतन सूद मौजूद रहे।

## मुरम्मत कार्य के चलते पर्यटन निगम की एक लिफ्ट बंद रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**
हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के एक प्रवक्ता ने गत दिवस को बताया कि निगम द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कार्ट रोड से माल रोड तक चलाई जा रही लिफ्ट की मरम्मत एवं रख-रखाव का कार्य किया जा रहा है।
इस कारण 15 दिसंबर से 17 दिसंबर, 2023 तक एक लिफ्ट को बंद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान दूसरी लिफ्ट पहले की तरह कार्यशील रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल समारोह प्रतियोगिता का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
शहर के प्रतिष्ठित ऑलमाइटी पब्लिक स्कूल हमीरपुर में दो दिवसीय खेल समारोह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस समारोह की शुरूआत मार्च पास्ट और मशाल जलाकर की गई। स्कूल प्रबंधक कुलबीर सिंह, प्रिंसिपल डायरेक्टर सीए पूजा मिन्हास, प्रधानाचार्या निवेदिता शर्मा ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह आपसी सहयोग और प्रेम के साथ इन



प्रतियोगिताओं में भाग ले और जीते।
स्पोट्र्स मीट को लेकर बच्चे बहुत ही उत्साहित नजर आए। दो दिवसीय खेल समारोह के पहले दिन कबड्डी, स्केटिंग, बैडमिंटन, रेस, चैस आदि प्रतियोगिताएं करवाई गई ।हर्डल रेस में आयु वर्ग 8 में अक्षित प्रथम, रौनक द्वितीय और विहान तृतीय रहे। वीरांगना प्रथम, इनायत द्वितीय श्रद्धा, तृतीय रही। सिंपल रेस में दिव्यांश प्रथम, रौनक द्वितीय, विवान तृतीय रहे। समायरा प्रथम, वीरांगना द्वितीय, ओजस्वी तृतीय रही। 50 मीटर की दौड़ में इशांत प्रथम, अरमान द्वितीय, प्रशांत तृतीय रहे।
एंजेल प्रथम, नव्या द्वितीय, यादवी तृतीय रही। 100 मीटर की दौड़ में सिद्धार्थ प्रथम, सोनम द्वितीय, दिव्यांश तृतीय रहे। आरुषि प्रथम, वंशिका द्वितीय रही।

# शहीद बालकृष्आदर्श पाठशाला में शुरू हुआ एनएसएस शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**
जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर के शहीद बालकृष्ण राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छात्र में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। इस शिविर का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम ठाकुर के द्वारा किया गया। तो वही इस सात दिवसीय शिविर में 55 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के शुभारंभ अवसर पर जहां एनएसएस का झंडा फ हराया गया। तो वहीं 7 दिनों तक शिविर में आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में भी चर्चा की गई। शिविर के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम ठाकुर ने



बताया कि एनएसएस शिविर में छात्र शिक्षा के अलावा अन्य गतिविधियों के बारे में भी ज्ञान हासिल करते हैं। तो वहीं सामाजिक गतिविधियों को किस तरह से बढ़ावा दिया जाए। इसके बारे में भी उन्हें विशेष रूप से जानकारी दी जाती है। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम ठाकुर का कहना है कि एनएसएस के शिविर में छात्र समाज के बीच नशा, आपसी समर्पण सहित अन्य सामाजिक भावनाओं के बारे में ज्ञान हासिल करते हैं। ताकि वे समाज में जाकर एक नई दिशा प्रदान कर सकें। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रेम ठाकुर का कहना है कि इसके अलावा 7 दिनों तक यहां स्वयंसेवकों को पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण व स्वच्छता अभियान के बारे में भी विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी। वहीं एनएसएस शिविर के कार्यक्रम अधिकारी लाल सिंह चौहान ने बताया कि इस शिविर में स्वयंसेवक प्रभात फेरी के अलावा अन्य गतिविधियों पर भी कार्य करेंगे। तो वहीं एक एनएसएस स्वयंसेवक का चयन राज्य स्तर की परेड के लिए भी चयन किया गया है।

# बदारन-हरसौर-गारली सडक पर खर्च होंगे 45 करोड़ः इंद्र दत्त लखनपाल

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
बड़सर के विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गारली के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया तथा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।
विधायक ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गारली के वार्षिक उत्सव में दी जानकारी इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और बच्चों के अभिभावकों को बधाई देते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई.लिखाई के साथ-साथ



अन्य गतिविधियों एवं सामाजिक कार्यों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इससे उन्हें अच्छे संस्कार मिलेंगे तथा उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होगा और वे नशे जैसी गंभीर समस्या से भी दूर रहेंगे। उन्होंने बच्चों से कहा कि मेहनत एवं दृढ़संकल्प के बल पर जीवन में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में लगातार मेहनत करनी चाहिए। गारली क्षेत्र के विकास की चर्चा करते हुए इंद्र दत्त लखनपाल ने बताया कि इस क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की योजनाओं को मंजूरी प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गारली की चारदीवारी और अन्य कार्यों के लिए साढे 22 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। बदारन-गाहलियां-हरसौर-गारली सडक के सुदृढ़ीकरण के लिए नाबार्ड के माध्यम से 45 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाई गई है। हरसौर-गारली सडक पर उसनाड़ के पास पेवर ब्लॉक लगाने के लिए साढे सात लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।
गारली पंचायत के अंतर्गत खज्जियां, मंजरा और अन्य गांवों के संपर्क मार्गों की मरम्मत के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है ।इस अवसर पर इंद्र दत्त लखनपाल ने गारली स्कूल को ग्यारह हजार रुपये देने की घोषणा भी की। इससे पहले स्कूल के प्रधानाचार्य ने विधायक और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जबकि, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

# तपोवन की सुरक्षा का जिम्मस बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स के हवाले

**सुरक्षा व्यवस्था**

**8 विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए जारी होने वाले विजिटर पास की पहली बार दोहरी जांच होगी।**

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
19 दिसंबर से धर्मशाला के तपोवन में शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सुरक्षा के लिए हिमाचल में पहली बार बोर्ड ऑफ ऑफि सर्स का गठन किया गया है। 19 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के मद्देनजर पुलिस महानिदेशक ने वीरवार को तेजतर्रार पुलिस अधिकारियों की टीम का गठन करने के आदेश जारी कर दिए। आईजी इंटेलिजेंस संतोष पटियाल को बोर्ड ऑफ ऑफि सर्स का इंचार्ज बनाया गया है। डीआईजी उत्तरी क्षेत्र अभिषेक दुल्लर, एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री और एसपी सिक्योरिटी भूपेंद्र नेगी इस टीम के सदस्य होंगे। यह टीम विधानसभा अध्यक्ष से लगातार संपर्क में रहेगी। पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए पूरा तपोवन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेगा। विधानसभा परिसर में प्रवेश के लिए जारी होने वाले विजिटर पास की पहली बार दोहरी जांच होगी। पिछले साल विधानसभा परिसर की दीवारों पर शरारती तत्वों ने खालिस्तानी नारे लिख दिए थे, जिसके बाद सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठे थे। संसद की सुरक्षा में चूक को देखते हुए विधानसभा सत्र के दौरान पुख्ता सुरक्षा के लिए आईजी इंटेलिजेंस संतोष पटियाल की अगुवाई में बोर्ड ऑफ ऑफि सर्स गठित किया है।

## मेस्सी, एमबाप्पे और हैलेंड साल के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉलर के पुरस्कार की दौड़ में

**ज्यूरिख ।** फीफा के 2023 के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए इस बार मुकाबला लियोनल मेस्सी, काइलियान एमबाप्पे और एर्लिंग हैलेंड के बीच है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने पुरस्कार की दौड़ में शामिल



खिलाड़ियों की अंतिम सूची की घोषणा की। यही तीनों खिलाड़ी बेलोन डियोर पुरस्कार की दौड़ में भी शामिल थे जिसे अक्टूबर में मेस्सी ने जीता था। बेलोन डियोर में हालांकि 2022 विश्व कप के प्रदर्शन पर भी गौर किया गया था जिसे मेस्सी की अगुआई में अर्जेन्टीना ने जीता था। कतर में खिताबी जीत के लिए मेस्सी फरवरी में पहले ही करियर में सातवीं बार फीफा पुरस्कार जीत चुके हैं। महिलाओं के वर्ग में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में 2023 विश्व कप विजेता स्पेन की एटाना बोनमेट और जेनी हर्मोसो के अलावा कोलंबिया की लिंडा केइसेडो शामिल है।

## नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को आईटीएफ विश्व चैंपियन पुरस्कार

**लंदन।** नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है। सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।



## 'विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छा था', SA के खिलाफ तीसरे टी20 में पांच विकेट लेकर बोले कुलदीप

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। कुलदीप ने मैच के बाद कहा, 'यह मेरे लिए विशेष दिन बन गया। मैंने पांच विकेट लेने के बारे में कभी नहीं सोचा था। मैं केवल इतना चाहता था की टीम जीते जो कि अधिक महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'मैं अपनी गेंदबाजी को लेकर थोड़ा चिंतित था क्योंकि मैं कुछ दिनों बाद खेल रहा था और इसलिए मैं लय हासिल करना चाहता था। यह शानदार दिन था। गेंद अच्छी तरह से हाथ से छूट रही थी और परिस्थितियों से भी कुछ हद तक स्पिनरों को मदद मिल रही थी।'

कुलदीप ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो विकेट स्पिनरों के लिए बहुत अच्छा था। इन विकेट की सबसे अच्छी बात यह रही कि गेंद पिच होने के बाद बहुत तेजी से आ रही थी। इसलिए कभी कभार आपको अपनी 'वेरिएशन' बदलनी पड़ती है और अगर आप इसे सही कर देते हो तो फिर इसे खेलना आसान नहीं होता।'

## यूईएफए यूरोपा लीग : विलारियल ग्रुप एफ में शीर्ष पर, रियल बेटिस बाहर

**मैड्रिड।** रियल बेटिस गुरुवार रात यूईएफए यूरोपा लीग से बाहर हो गया है, उसे अपने घरेलू मैदान पर रेंजर्स के हाथों 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही लिमासोल में स्पार्टा प्राग की जीत के साथ, बेटिस की टीम अपने समूह के शीर्ष स्थान से तीसरे नंबर पर खिसक गई।

अब्दुल्ला सिमा ने 10वें मिनट में दाएं पैर से शॉट मारकर रेंजर्स का खाता खोला, हालांकि जुआन मिरांडा ने चार मिनट बाद ही गोल कर बेटिस को बराबरी पर ला दिया। इसके बाद सिरिएल डेसर्स ने 20वें मिनट में एक और गोल कर रेंजर्स की बढ़त 2-1 कर दी।

बेटिस के लिए इस्को और अयोज पेरेज ने मिलकर 37वें मिनट में एक और बेहतरीन गोल कर मैच को 2-2 से बराबर कर दिया। हालांकि, केमर रूफ ने मैच के 78वें मिनट में गोल कर रेंजर्स को 3-2 से आगे करते हुए टीम की जीत जीत सुनिश्चित की। इसके अलावा ग्रुप एफ के एक



अन्य मैच में रेनेस पर 3-2 की जीत के बाद विलारियल ने अपने समूह में पहला स्थान हासिल किया। जेराई मोरेनो ने 36वें मिनट में पेनल्टी स्पॉट से गोल कर विलारियल को आगे कर दिया, केवल एक मिनट बाद ही लोरेंज एसिनॉन ने गोल कर रेनेस को बराबरी दिला दी। दूसरे हाफ में, इलियास अखोमाच ने गोल कर विलारियल को फिर से आगे कर दिया, हालांकि लुडोविक ब्लास ने 79वें मिनट में गोल कर एक बार फिर रेनेस को बराबरी पर ला दिया। एक मिनट बाद दानी पारेजो ने गोल कर विलारियल को 3-2 से जीत दिला दी।

## आईसीसी ने मीरपुर की पिच को असंतोषजनक करार दिया

**एंटेबे।** युगांडा ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) टी20 महिला विश्व कप अफ्रीकी क्वालीफायर में ग्रुप बी मैच में नाइजीरिया को छह विकेट से हरा दिया। एंटेबे क्रिकेट ओवल में खेले गए मैच में नाइजीरिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 63 रन बनाए। जवाब में युगांडा ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 66 रन बनाकर 6 विकेट से जीत हासिल की। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गई युगांडा की कप्तान कॉन्सुलेट अवेको ने मैच के बाद कहा कि यह एक प्यारी जीत है क्योंकि वे अब ग्रुप में शीर्ष पर हैं और सेमीफाइनल में तंजानिया से भिड़ने के लिए तैयार हैं। अवेको ने कहा, तंजानिया के खिलाफ हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा क्योंकि वह मैच हमारे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि हमारा लक्ष्य विश्व कप के लिए क्वालीफिकेशन है। युगांडा के मुख्य कोच लॉरेंस सेसेमाटिम्बा ने सिन्हुआ को बताया



कि वह सेमीफाइनल में पहुंचने पर टीम की जीत की गति से खुश हैं। उन्होंने कहा, ध्यान केंद्रित रहना और अपने गेम प्लान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा गुरुवार को नामीबिया ने करीबी मुकाबले में रवांडा पर 11 रन से जीत हासिल की। रवांडा ने 20 ओवरों में 91/8 का स्कोर बनाया, लेकिन नामीबिया इतने ही ओवरों में 102/7 का स्कोर बनाने में सफल रहा। दूसरे सेमीफाइनल में नामीबिया का मुकाबला जिम्बाब्वे से होगा। शीर्ष दो टीमें अगले साल दुबई में होने वाले वैश्विक क्वालीफायर के लिए क्वालीफाई करेंगी। 2024 आईसीसी टी-20 महिला विश्व कप बांग्लादेश की मेजबानी में होने वाला है।

## एक साल के लिए श्रीलंका क्रिकेट के पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार नियुक्त हुए सनथ जयसूर्या

**कोलंबो।** सनथ जयसूर्या को एक साल के लिए श्रीलंका क्रिकेट का पूर्णकालिक क्रिकेट सलाहकार नियुक्त किया गया है। इस भूमिका में, वह खेतारामा में एसएलसी के उच्च प्रदर्शन केंद्र में काम करने वाले खिलाड़ियों और कोचों दोनों की देखरेख करेंगे, खिलाड़ियों के लिए व्यक्तिगत कौशल विकास रणनीतियों में लगे रहेंगे, और कोचिंग स्टाफ की भी निगरानी करेंगे श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) की विज्ञप्ति में कहा गया, जयसूर्या कई अन्य कार्यों के साथ-साथ प्रत्येक कौशल अनुशासन में प्रमुख भूमिका निभाने के लिए प्रमुख कर्मचारियों के साथ राष्ट्रीय विशेषज्ञ कौशल कार्यक्रम भी स्थापित करेंगे।

2019 में आईसीसी की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई द्वारा दो साल के लिए सभी क्रिकेट से



प्रतिबंधित किए जाने के बाद एसएलसी के साथ जयसूर्या की यह पहली भूमिका है। उन पर यह प्रतिबंध दो आरोपों को स्वीकार करने के बाद लगाया गया था, जिसमें पहला भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के तहत जांच में सहयोग करने में विफलता या इनकार करना, और दूसरा जांच में बाधा डालना या देरी करना था। वह पहले दो विवादास्पद कार्यकालों में श्रीलंका के मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं। पहले उन पर उस सरकार के करीबी खिलाड़ी का पक्ष लेने का आरोप लगाया गया था जिसका वह संसद सदस्य के रूप में हिस्सा थे। दूसरे कार्यकाल में पुरुषों की राष्ट्रीय टीम में पर्याप्त बदलाव हुआ। समझा जाता है कि एसीयू के आरोप मुख्य चयनकर्ता के रूप में उनके दूसरे कार्यकाल से संबंधित हैं। जयसूर्या की नियुक्ति पिछले कुछ दिनों में दूसरी महत्वपूर्ण नियुक्ति है, इसी सप्ताह उपुल थरंगा की अगुवाई वाली चयन समिति का भी चयन किया गया है।

## वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को 10 रन से हराया, टी20 श्रृंखला में बनाई बढ़त

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया।

सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। पावेल ने सैम कुरेन के एक ओवर में चार छक्के और एक चौका जड़ा। किंग ने अपनी पारी में आठ चौके और पांच छक्के लगाए। इंग्लैंड की तरफ से आदिल राशिद और टाइमल मिल्स ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना पाई। उसकी तरफ सैम कुरेन ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 39 रन देकर तीन और अकील हुसैन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। ऑलराउंडर आंद्रे रसेल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में 28 रन की जरूरत थी और उसने रसेल के इस ओवर में 17 रन बनाए।

## मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाफ मुकाबले से जीत का राह पर लौटने की कोशिश करेगा मोहन बागान

**गुवाहाटी।** मोहन बागान सुपर जायंट्स की टीम आज रात इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 मुकाबले में मेजबान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना करेगी।

कई चोटिल खिलाड़ियों की परेशानियों से जूझते हुए, मैरिनर्स ने अपने घरेलू मैदान पर खेले पिछले आईएसएल मैच में ओडिशा एफसी को 2-2 के ड्रा पर रोका था। इस सीजन में स्पेनिश हेड कोच जुआन फेरांडो की टीम के सामने दो प्रमुख लक्ष्य थे, पहला आईएसएल में लीग तालिका के शीर्ष पर पहुंचना था और दूसरा एएफसी कप में अच्छा प्रदर्शन करना था। घरेलू मोर्चे पर, उन्होंने लगातार पांच जीत के साथ शुरुआत की, जो आईएसएल इतिहास में इतने मैचों के बाद सबसे अच्छा रिकॉर्ड है।

नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने अपने पिछले चार मुकाबलों में दो ड्रा खेले हैं और दो हारे हैं। वह छठे स्थान पर मौजूद चेन्नइयन एफसी से दो अंक पीछे है, जिसने हाईलैंडर्स से एक मैच अधिक खेला है। शक्तिशाली मोहन बागान सुपर जायंट के खिलाफ खेलना कभी आसान नहीं होता है, लेकिन कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच जीत के लिए उन्हें कठिन चुनौतियों से पार पाना होगा। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के स्पेनिश हेड कोच जुआन पेड्रो बेनाली ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में



कहा, 'वो एक अच्छी टीम है, बहुत अच्छी टीम है और उसका कोई भी खिलाड़ी अंतर पैदा कर सकता है। हम उस पैसे को नहीं देखते है (जो मोहन बागान सुपर जायंट ने खर्च किया है)। क्योंकि अंत में, मुकाबला 11 बनाम 11 के बीच है। पैसा लंबी अवधि में फर्क डालता है, कम अवधि में फर्क नहीं

> **वह छठे स्थान पर मौजूद चेन्नइयन एफसी से दो अंक पीछे है, जिसने हाईलैंडर्स से एक मैच अधिक खेला है।**

पड़ता। आपने बहुत सारा पैसा खर्च किया है, इसका मतलब यह नहीं है कि आप जीत जाएंगे। इसीलिए हमारे पास पेरिस सेंट-जर्मेन का उदाहरण है। हम एक जुझारू टीम हैं। हम जानते हैं कि क्या करना है, क्या नहीं करना है और हम उन्हें पिच में देखेंगे। मोहन बागान सुपर जायंट के सहायक कोच क्लिफोर्ड मिरांडा ने इस मुकाबले की तैयारी में पूरी ताकत वाली टीम के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा, 'यह हमेशा महत्वपूर्ण रहा है कि हमारे पास सभी खिलाड़ी उपलब्ध हों, ताकि हमारे पास चयन करने के लिए खिलाड़ियों की एक विस्तृत पूल हो, क्योंकि हम कुछ खिलाड़ियों तक ही सीमित रहने के बजाय अपनी टीम को बेहतर तरीके से बना सकें। बता दें कि दोनों टीमों के बीच अब तक 8 मुकाबले खेले गए हैं, जिनमें से मोहन बागान सुपर जायंट ने 5 और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड ने 2 में जीत दर्ज की है, जबकि 1 मैच ड्रा रहा है।

## जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : भारत सेमीफाइनल में जर्मनी से 4-1 से हारा

**कुआलालंपुर।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम गुरुवार को यहां एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 के सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ कड़े मुकाबले में 1-4 से हार गई। उत्तम सिंह के नेतृत्व वाली भारतीय टीम अब दिन में फ्रांस और स्पेन के बीच खेले जाने वाले दूसरे सेमीफाइनल में हारने वाली टीम से भिड़ेगी।

पहले क्वार्टर में भारतीय टीम को पहले चार मिनट के भीतर दो पेनल्टी कॉर्नर मिले थे, लेकिन टीम इसका फायदा नहीं उठा पाई। मैच के आठवें मिनट में बेन हस्बैक (8%) ने गोल कर जर्मनी को 1-0 की बढ़त दिला दी। हालांकि तीन मिनट बाद ही सुदीप चिरमाको ने शानदार फील्ड गोल कर भारत को 1-1 की बराबरी दिला दी। पहला क्वार्टर 1-1 के स्कोर के साथ समाप्त हुआ। दूसरे क्वार्टर में भी भारत को पेनल्टी कॉर्नर के रूप में कई मौके मिले, लेकिन भारतीय टीम किसी को भी गोल में बदलने में असमर्थ रही। दूसरे क्वार्टर के आखिरी मिनट में जर्मनी को मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया और बेन हस्बैक (30%) ने अपना दूसरा गोल किया। मध्यांतर तक जर्मनी की टीम 2-1 से आगे रही। भारतीय टीम ने तीसरे क्वार्टर की शुरुआत फंटफुट पर की और उन्हें अपने आक्रामक रवैये का



इनाम मिला, उन्होंने तीसरे क्वार्टर में छह मिनट शेष रहते अपना ग्यारहवां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, हालांकि टीम इस मौके को भी नहीं भुना पाई। पॉल ग्लैंडर (41) ने दूसरे पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर तीसरे क्वार्टर के अंत में जर्मनी को 3-1 से आगे कर दिया।

चौथे क्वार्टर में भारतीयों ने जर्मनों पर दबाव बनाया लेकिन वे उनकी रक्षापंक्ति को भेदने में असमर्थ रहे। खेल में दस मिनट से भी कम समय शेष रहने पर भारत को दो बैक-टू-बैक पेनल्टी कॉर्नर के रूप में उम्मीद मिली, लेकिन जर्मन रक्षकों के अथक प्रयास के कारण कोई भी गोल नहीं हो सका। फ्लोरियन स्पिलिंग (58) ने जर्मनी के लिए चौथा गोल तब किया जब समय समाप्त होने में कुछ ही मिनट बाकी थे और भारत को 4-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

## सूर्या और कुलदीप के दमपर भारत ने दक्षिण अफ्रीका को हराया, बराबरी पर रही श्रृंखला

**जोहान्सबर्ग।** टी20 श्रृंखला के तीसरे और आखिरी मुकाबले में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 106 रनों से हराया दिया है। इस तरह तीन मैचों की यह श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर रही। सीरीज का पहला मैच जहां बारिश की वजह से रद्द हो गया था, वहीं दूसरे मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका ने 5 विकेट से जीत दर्ज की थी।

भारत की ओर से मिले 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम शुरू से ही विशाल टारगेट के दबाव में नजर आई। तेज गति से रन बनाने के चक्कर में मेजबान टीम थोड़े-थोड़े अंतराल पर विकेट खोती रही और आखिर में 14वें ओवर में पूरी टीम 95 रन पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेविड



मिलर ने 35 रन, कप्तान एडन मारक्रम ने 25 रन और डेविड फेरिरा ने 12 रन की पारी खेली। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाजी दहाई का आंकड़ा पार नहीं कर सका। वहीं भारत के लिए कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा की स्पिनर जोड़ी ने सात विकेट चटकाए। कुलदीप को पांच और जडेजा को दो सफलता मिली। वहीं मुकेश कुमार और अर्शदीप सिंह ने एक-एक विकेट झटके। इससे पहले, टीम इंडिया तेज शुरुआत की और दो ओवर में 29 रन बनाए। हालांकि तीसरे ओवर में केशव महाराज ने पहले गिल (8 रन) और अगली गेंद पर तिलक वर्मा को शून्य पर पवेलियन भेज दिया। तीसरे विकेट लिए यशस्वी जायसवाल और कप्तान सूर्यकुमार यादव के बीच 112 रन की बेहतरीन साझेदारी हुई। यह साझेदारी यशस्वी (60 रन) के आउट होने पर टूटी। फिर सूर्या ने रिंकू सिंह के साथ 47 रन जोड़कर टीम मजबूत स्थिति में पहुंचाया। लेकिन एक बार फिर भारतीय टीम आखिरी के ओवर में रन जोड़ने में नाकाम रही। आखिरी दो ओवर में टीम ने 13 रन जोड़े और चार विकेट गवाएं। हालांक इस बीच सूर्यकुमार यादव ने शतक जड़ा।

उन्होंने 56 गेंदों में 7 चौके और 8 छक्के की मदद से 100 रन की पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका के लिए केशव महाराज और लिजार्ड विलियम्स को दो-दो सफलता मिली, जबकि नांद्रे बर्गर और तबरेज शम्सी ने एक-एक विकेट चटकाए।

## धोनी पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाने वाला आईपीएस ऑफिसर मुश्किल में, कोर्ट ने दिखाया जेल का रास्ता

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी पर मैच फिक्सिंग का आरोप लगाने वाले आईपीएस अधिकारी अब मुश्किल में हैं। मद्रास उच्च न्यायालय ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी जी संपत कुमार को धोनी द्वारा दायर अदालत की अवमानना के एक मामले में 15 दिन के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायमूर्ति एस एस सुंदर और न्यायमूर्ति सुंदर मोहन की खंडपीठ ने सजा को 30 दिन के लिए निलंबित कर दिया ताकि संपत कुमार को सजा के खिलाफ अपील दायर करने का मौका मिल सके। धोनी ने उच्चतम न्यायालय के खिलाफ कथित रूप से अवमानना वाले बयान देने के लिए आईपीएस अधिकारी के



खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराया था। धोनी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सट्टेबाजी में अपना नाम लिए जाने को लेकर 2014 में मानहानि का मुकदमा दायर किया था जिसमें हर्जाने के तौर पर 100 करोड़ रुपए का भुगतान करने का भी अनुरोध था। 18 मार्च 2014 को कोर्ट ने अंतरिम आदेश में संपत कुमार पर धोनी के खिलाफ बयान देने से रोक लगा दी थी। इसके बाद संपत कुमार ने कथित तौर पर सुप्रीम कोर्ट के पास हलफनामा दायर किया, जिसमें न्यायपालिका और मामले में राज्य के वरिष्ठ वकीलों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई थी। धोनी ने अपनी याचिका में संपत के बयानों का भी जिक्र किया है।

